*This question paper contains 11 printed pages.]*

**4382**

*Your Roll No.* .......................

*आपका अनुक्रमांक* .......................

**B.Com. / II** **AS**

# Paper IX – INCOME TAX AND AUDITING

## PART-A – INCOME TAX

(Admissions of 2006 and onwards)

*Time : 2 Hours* *Maximum Marks : 50*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)*

***Note :*** *(i) Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

*(ii) The maximum marks printed on the question paper are applicable for the students of the Cat. 'B'. These marks will, however, be scaled down proportionately in respect of the students of regular colleges Cat. 'A' at the time of posting of awards for compilation of result.*

[P.T.O.

***टिप्पणी :*** *(i) इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*(ii) प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक श्रेणी 'B' के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं। तथापि ये अंक नियमित कॉलेजों, श्रेणी 'A' के विद्यार्थियों के सम्बन्ध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में कम होंगे।*

*Attempt all questions. Question No. 1 is compulsory.*

*सभी प्रश्न कीजिए। प्रश्न संख्या **1** अनिवार्य है।*

**1.** Indicate whether the following statements are True or False : 7

(i) Medical allowance is not chargeable to tax.

(ii) Interest on saving bank account with a post office is exempt from tax.

(iii) Horse race loss cannot be carried forward and set-off.

(iv) Long-term capital loss can be adjusted only from long-term capital gain.

बताइए निम्नलिखित कथन सत्य हैं अथवा असत्य :

(i) चिकित्सा भत्ता कर योग्य नहीं है।

(ii) डाकघर में बचत खाते पर ब्याज कर मुक्त होता है।

(iii) घुड़दौड़ से हुई हानि को समायोजन करने के लिए आगे नहीं ले जाया जा सकता।

(iv) दीर्घकालीन पूंजीगत हानि को केवल दीर्घकालीन पूंजीगत लाभ से ही समायोजित किया जा सकता है।

2. Mr. X is a professor in Delhi University. His income for the previous year ended on 31st March, 2009 was as follows : 11

(i) Basic pay Rs. 20,000 p.m.

(ii) Dearness Allowance @ 45% of the pay

(iii) City compensatory allowance Rs. 100 p.m.

(iv) Special pay @ Rs. 275 p.m. for promoting small family norms.

(v) Transport allowance @ Rs. 400 p.m.

(vi) Proctor Allowance @ Rs. 300 p.m.

(vii) He is living in his own house. Annual value of the house is Rs. 3,000 and he is getting 15% of the pay as house rent allowance.

(viii) Arrears of pay 1,00,000

During the previous year, his investment were as follows :

(i) He contributes in a provident fund @ Rs. 5,000 p.m.

(ii) His life insurance premium was Rs. 500 p.m.

(iii) He pays Rs. 30,000 as payment of interest and Rs. 40,000 as investment for the housing loan taken for the construction of his house.

(iv) He invested Rs. 35,000 in IDBI infrastructure bond.

You are required to calculate taxable income and income tax payable for the assessment year 2009-10.

**Or**

Compare the following from Income Tax point of view :

(a) Previous year and assessment year.

(b) Short-term capital gain and long term capital gain.

(c) Horse race loss and race horses loss. 11

मि. एक्स दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर पद पर कार्यरत हैं। 31 मार्च, 2009 को समाप्त होने वाले गत वर्ष में उनकी आय इस प्रकार थी :

(i) मूल वेतन 20,000 रु. प्रति माह।

(ii) महंगाई भत्ता वेतन का 45%।

(iii) नगर क्षतिपूरक भत्ता 100 रु. प्रति माह।

(iv) छोटे परिवार के प्रोत्साहन हेतु विशेष वेतन 275 रु. प्रति माह।

(v) यातायात भत्ता 400 रु. प्रति माह।

(vi) प्रोक्टर भत्ता 300 रु. प्रति माह।

(vii) वे अपने निजी आवास में रहते हैं जिसका वार्षिक मूल्यांकन 3,000 रु. है तथा वे वेतन का 15% मकान किराया भत्ता पाते हैं।

(viii) वेतन का बकाया 1,00,000

गत वर्ष के दौरान उनके विनियोजन निम्नवत् थे :

(i) भविष्य निधि में 5,000 रु. प्रति माह अंशदान देते हैं।

(ii) उनका जीवन बीमा प्रीमियम 500 रु. प्रति माह था।

(iii) अपने मकान बनवाने के लिए आवास ऋण पर 30,000 रुपए ब्याज तथा 40,000 रुपए किस्त का भुगतान करते हैं।

(iv) इन्होंने IDBI इन्फ्रास्ट्रक्चर बॉण्ड में 35,000 रु. विनियोजित किए।

कर निर्धारण वर्ष 2009-10 के लिए कर योग्य आय तथा देय आयकर की गणना करें।

**अथवा**

निम्नलिखित की आयकर की दृष्टि से तुलना कीजिए :

(अ) गत वर्ष एवं कर निर्धारण वर्ष।

(ब) अल्पकालीन पूंजीगत लाभ एवं दीर्घकालीन पूंजीगत लाभ।

(स) घुड़दौड़ एवं दौड़ के घोड़ों से हानि।

3. (a) How would you determine the residential status of an individual ? Discuss fully.

(b) Who is a person of Indian origin?

(c) What are the provisions of Income Tax for inclusion of income of a minor child in the total income of an assessee ? Explain. 5+2+4

**Or**

Mr. X owns several assets but does not own any residential house. He sells the following asset and requests you to compute taxable capital gain for the assessment year 2009-10. 5+2+4

(i) Shares (purchased in April 1990 for Rs. 54,600) sold on 15.9.2008 for Rs. 1,95,000 and securities transaction tax paid.

(ii) On 1 April 1981, he agreed to sell the jewellery to Y for Rs. 2,70,000 which was purchased in 1976 for Rs. 1,50,000. However, the sale could not be effected as Y backed out. He forfeited the advance of Rs. 20,000 which he received from Mr. Y. He now sold the jewellery on 15 July 2008 for Rs. 15,62,500 and incurred Rs. 20,000 incidental selling expenses on account of brokerage and commission. In December 2008 he purchased a small residential house for Rs. 2,50,000.

(iii) Debentures (purchased in September 2008 for Rs. 50,000) sold on 31.12.2008 for Rs. 45,000.

(iv) Sold his motor car (purchased in August 2005 for Rs. 1,50,000) on 15 March 2009 for Rs. 1,60,000.

The cost inflation index for the relevant years is : 1981-82 (100); 1990-91 (182); 2008-09 (582)

(अ) आप एक व्यक्ति विशेष का निवास स्थान कैसे निर्धारित करेंगे ? पूर्णतया समझाइए।

(ब) किसी एक व्यक्ति को भारतीय मूल का कब माना जाता है ?

(स) एक नाबालिग बच्चे की आय को करदाता की कुल आय में शामिल करने के संबंध में आयकर अधिनियम के क्या प्रावधान हैं ? समझाइए।

**अथवा**

मि. एक्स की कई संपत्तियाँ हैं किन्तु कोई आवासीय मकान नहीं है। वह निम्नलिखित संपत्तियाँ बेच देते हैं तथा आप से कर निर्धारण वर्ष 2009-10 के लिए कर योग्य पूंजी लाभ की गणना करने को कहते हैं :

(i) 15.09.2008 को (अप्रैल 1990 में 54,600 रु. से क्रय किए गए) अंश 1,95,000 रु. में बेच दिए। और इस पर प्रतिभूति संव्यवहार कर भी अदा किया गया।

(ii) 1976 में 1,50,000 रु. मूल्य के क्रय की गई ज्वैलरी 1 अप्रैल 1981 को 2,70,000 रु. में बेचने को सहमत हुए। यद्यपि Y

के मुकरने के कारण बिक्री पूर्ण न हो सकी और उन्होंने Y के 20,000 रु. जो अग्रिम रूप में प्राप्त हुए थे जब्त कर लिए। 15 जुलाई 2008 को ज्वैलरी 15,62,500 रु. में बेची तथा दलाली व कमीशन के 20,000 रु. व्यय किए। दिसम्बर, 2008 में उन्होंने एक छोटा आवासीय मकान 2,50,000 रु. में क्रय किया।

(iii) 31.12.2008 को (सितम्बर 2008 में 50,000 रु. में क्रय किए गए) ऋणपत्र 45,000 रु. में बेच दिए।

(iv) 15 मार्च, 2009 को अपनी मोटर गाड़ी (जो अगस्त 2005 में 1,50,000 रु. में क्रय की थी) 1,60,000 रु. में बेच दी। संबंधित वर्षों का लागत स्फीति सूचकांक निम्न है :

1981-82 (100); 1990-91 (182); 2008-09 (582)

**4.** Write notes on : 5+3+2

(a) Transferred balance

(b) Assessee

(c) Block of assets

टिप्पणी लिखिए :

(क) हस्तान्तरित शेष

(ख) करदाता

(ग) सम्पत्तियों का समूह

5. (a) X (24 years) has the following income for the previous year 2008-09 :

| | Rs. |
|---|---|
| Salary | 97,000 |
| Business Income | (–) 54,000 |
| Short-term capital gain | 92,000 |
| Long-term capital gain on sale of non-listed shares | 79,000 |

He deposits Rs. 55,000 in the public provident fund account, find out the tax liability for the assessment year 2009-10 on the assumption that X is resident and ordinarily resident in India. 5

(b) The particulars of a residential house are given below for the A.Y. 2009-10

| | Rs. |
|---|---|
| Annual rent | 1,92,000 |
| Municipal value | 1,60,000 |
| Unrealised rent (P.Y. 2008-09) | 16,000 |
| Municipal taxes paid | 16,000 |
| Interest on money borrowed for construction | 16,000 |
| Unrealised rent allowed in A.Y. 2006-07 recovered during the year | 8,000 |

Prescribed conditions relating to unrealised rent are fulfilled. Compute income from house property for the A.Y. 2009-10. 6

(अ) X जिसकी आयु 24 वर्ष है, गत वर्ष 2008-09 के लिए उसकी आय निम्नलिखित है :

| | रु. |
|---|---|
| वेतन | 97,000 |
| व्यापारिक आय | (–) 54,000 |
| अल्पकालीन पूँजीगत लाभ | 92,000 |
| असूचीबद्ध अंशों पर दीर्घकालीन पूँजीगत लाभ | 79,000 |

वह सार्वजनिक भविष्य निधि खाते में 55,000 रु. जमा करते हैं। उसकी कर निर्धारण वर्ष 2009-10 के लिए यह मानते हुए कि वह भारत का निवासी एवं साधारण निवासी है, करदायित्व की गणना कीजिए।

(ब) एक रिहायसी मकान के 2009-10 कर निर्धारण वर्ष के विवरण निम्न प्रकार हैं :

| | रु. |
|---|---|
| वार्षिक किराया | 1,92,000 |
| नगरपालिका मूल्य | 1,60,000 |

| | |
|---|---|
| अप्राप्त किराया (गत वर्ष 2008-09) | 16,000 |
| चुकाया गया नगरपालिका कर | 16,000 |
| निर्माण हेतु उधार ली गई राशि पर ब्याज | 16,000 |
| कर निर्धारण वर्ष 2006-07 में स्वीकृत अप्राप्त किराया गत वर्ष में वसूल हो गया | 8,000 |

अप्राप्त किराए के संबंध में निर्धारित शर्तें पूरी होती हैं। कर निर्धारण वर्ष 2009-10 के लिए मकान संपत्ति से आय की गणना कीजिए।